
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

30 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

तुम्हारे पास जो भी समय है, उसका सदुपयोग करो ।

स्वामी विवेकानंद जी



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

30 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2082, चैत्र माह, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, रविवार 30 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"कदम छोटे हो या बड़े रुकने नहीं चाहिए, क्योंकि मंजिल पाने के लिए चलते रहना बहुत जरुरी है।

"Whether the steps are small or big, one should not stop, because it is very important to keep moving to reach the destination."

## आज के दिन

1664 – सिक्ख धर्म आठवें गुरु गुरु हर किशन का निधन।

1853 – नीदरलैण्ड के प्रसिद्ध चित्रकारों में से एक विन्सेंट वैन गो का जन्म।

1899 – सीरिल रैडक्लिफ का जन्म ( वे एक ब्रिटिश वकील थे जिन्होंने भारत–पाकिस्तान विभाजन की रेखा तैयार की थी।)

2002 – भारतीय गीतकार आनंद बख्शी का निधन।

## नव संव्तसर

आज विक्रम संवत् 2082 का प्रथम दिवस है।

नववर्ष की शुभकामनाएं

1. **राजस्थान दिवस**– 30 मार्च को राजस्थान दिवस या राजस्थान का स्थापना दिवस मनाया जाता है। 30 मार्च, 1949 ई. में जोधपुर, जयपुर जैसलमेर और बीकानेर रियासतों को मिलाकर राजस्थान का गठन (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ ग्रेटर राजस्थान) किया गया था। अंततः 1950ई. मे वर्तमान राजस्थान औपचारिक रूप से अस्तित्व में आया। इसकी राजधानी जयपुर बनायी गयी। वर्तमान में क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को राजस्थान की सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक जीवन, पर्यटन, मरूस्थल आदि के बारे में बतायें।
2. **वैज्ञानिक बुंसेन का जन्म**– प्रसिद्ध रसायन विज्ञानी रॉबर्ट विल्हेम बुनसेन का जन्म गोटिंगेन, जर्मनी में हुआ था। उन्होंने स्पेक्ट्रमदर्शी का अविष्कार किया। आज भी प्रयोगशालाओं में बुंसेन बर्नर आसानी से देखा जा सकता है। उन्होने सीजियम तथा रूबिडियम नामक दो धातुओं की खोज भी की।

## चैत्र नवरात्र का प्रथम दिवस

सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंबके देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥1॥

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे।
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥2॥

सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते॥3॥

रोगानशेषानपहंसि तुष्टा रुष्टा तु कामान् सकलानभीष्टान्।
त्वदाश्रितानां न विपन्नराणां त्वामाश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति ॥4॥

सर्वबाधा प्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि।
एवमेव त्वया कार्यं अस्मद्वैरिविनाशनम् ॥5॥

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

30 मार्च

मधु प्रिया

## राजस्थान का स्थापना दिवस 30 मार्च




राजस्थान दिवस इसे राजस्थान का स्थापना दिवस भी कहा जाता है। हर वर्ष के तीसरे महिने (मार्च) में 30 तारीख को राजस्थान दिवस मनाया जाता है। 30 मार्च, 1949 में जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों का विलय होकर 'वृहत्तर राजस्थान संघ' बना था। इस दिन राजस्थान के लोगों की वीरता, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बलिदान को नमन किया जाता है। यहां की लोक कलाएं, समृद्ध संस्कृति, महल, व्यंजन आदि एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। इस दिन कई उत्सव और आयोजन होते हैं जिनमें राजस्थान की अनूठी संस्कृति का दर्शन होता है। इसे पहले राजपूताना के नाम से जाना जाता था तथा कुल 19 रियासतों को मिलाकर यह राज्य बना तथा इसका नाम "राजस्थान" किया गया जिसका शाब्दिक अर्थ है "राजाओं का स्थान" क्योंकि स्वतंत्रता से पूर्व यहां कई राजा-महाराजाओं ने राज किया। राजस्थान का एकीकरण 7 चरणों में हुआ। इसकी शुरुआत 18 अप्रैल 1948 को अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली रियासतों के विलय से हुई। विभिन्न चरणों में रियासतें जुड़ती गई तथा अंत में 30 मार्च 1949 को जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों के विलय से "वृहत्तर राजस्थान संघ" बना और इसे ही राजस्थान स्थापना दिवस कहा जाता है। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की सक्रिय भूमिका रही।

# जयंती विशेष 30 मार्च




सीरिल रैडक्लिफ़ ( **Cyril Radcliffe,** जन्म: **30** मार्च, **1899 –** मृत्यु: **1** अप्रॅल, **1977)** एक ब्रिटिश वकील थे, जिन्होंने भारत-पाकिस्तान विभाजन की रेखा तैयार की थी, जिसे वर्तमान में रैडक्लिफ़ रेखा कहा जाता है।

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## रसोई बनाने के पात्र धातु और मिश्र धातु के बने होते हैं, क्यों?

धातु और मिश्र धातु ऊष्मा के कुचालक होते हैं। अतः ये ज्वालक से ऊष्मा लेकर शीघ्रता से पात्र में पकाएं जाने वाले भोज्य पदार्थों को चालन विधि द्वारा गर्म कर देते हैं।



Madhu priya

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

टैंटालम) Tantalum)

संकेत -- (Symbol) **Ta**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -73

परमाणु भार (A. weight) -180.95

समूह (group )- 5

आवर्त (period)-6

ब्लाक ( block)-d

संयोजकता (valancy)-5

समस्थानिक (isotope)-2

विन्यास -[Xe]$4f^{14}5d^{3}6s^{2}$




### खोज

1802 , एंडर्स गुस्ताव

### भौतिक गुण

कठोर, नीला ग्रे, चमकदार, दुर्लभ मृदा धातु

### रासायनिक गुण

अत्यधिक संक्षारण प्रतिरोधी,उच्च गलनांक

### उपयोग

जेट इंजन, चिकित्सा , परमाणु रिएक्टर

Anu priya




# राष्ट्रीय खेल 2025 पदक तालिका टॉप-**10**

| रैंक | राज्य/केंद्र शासित राज्य/ टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज़ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्विसेज़ स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड | 68 | 26 | 27 | 121 |
| 2 | महाराष्ट्र | 54 | 71 | 76 | 201 |
| 3 | हरियाणा | 48 | 46 | 57 | 153 |
| 4 | कर्नाटक | 34 | 18 | 28 | 80 |
| 5 | मध्य प्रदेश | 33 | 26 | 23 | 82 |
| 6 | तमिलनाडु | 27 | 30 | 35 | 92 |
| 7 | उत्तराखंड | 24 | 35 | 44 | 103 |
| 8 | पश्चिम बंगाल | 16 | 13 | 18 | 47 |
| 9 | पंजाब | 15 | 20 | 31 | 66 |
| 10 | दिल्ली | 15 | 18 | 29 | 62 |

Teachers
Of
Bihar

# आओं सीखें_

## भाव_

मनुष्य के हृदय से उत्पन्न होने वाली भावनाएँ जो सीधे मन पर असर डालती हैं।

जैसे :

- प्रेम, दया, करुणा, क्रोध, घृणा, सहानुभूति, आदि।
- भाव सीधे हृदय से निकलते हैं, बिना सोचे।

## विचार_

मस्तिष्क द्वारा उत्पन्न विचार या सोच जो तर्क और बुद्धि पर आधारित होती है।

जैसे :

- योजना बनाना, निर्णय करना, किसी समस्या का हल सोचना आदि।
- विचार मस्तिष्क से आते हैं और सोच-समझ कर निर्णय लेते हैं।

संक्षेप में :-

- अगर किसी भूखे व्यक्ति को देखकर आपके मन में करुणा आए और आप दुखी हो जाएँ – यह भाव है।
- अगर आप सोचें कि "मैं इसे भोजन दूँ या सहायता करूँ" – यह विचार है।

www.teachersofbihar.org

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारत ने पिछले एक दशक में अपनी **सांस्कृतिक धरोहर** को फिर से पाने में बड़ी **सफलता** हासिल की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, **साल 2014** के बाद से अब तक अलग-अलग देशों से **642 प्राचीन कलाकृतियां** भारत लाई गई है।

# Teachers of Bihar

The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 30.03.2025

## शिक्षण अभिक्षमता

शिक्षण योग्यता एक ऐसा विषय है जो उम्मीदवार की शिक्षण पद्धतियों, सीखने के सिद्धांतों, मूल्यांकन तकनीकों और कक्षा प्रबंधन की समझ का मूल्यांकन करता है। इसके अतिरिक्त, यह विषय छात्रों के साथ प्रभावी ढंग से समझने, सीखने और संवाद करने की उम्मीदवार की क्षमता का मूल्यांकन करता है।


ToB बूझो तो जानें..
बिहार दिवस विशेष
बिहार का राजकीय वृक्ष क्या हैं... बुझो तो जानें... ?
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार



स्पेक्ट्रमदर्शी के आविष्कारक रसायन विज्ञानी


## राबर्ट विल्हेम बुंसेन

जी के जयंती पर सादर नमन।


जन्म-30 मार्च 1811- मृत्यु-16 अगस्त 1899

www.teachersofbihar.org

*Madhu priya*


राजस्थान दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से समस्त राजस्थान वासियों को
राजस्थान स्थापना दिवस
30 मार्च
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कवि एवं गीतकार
आनंद बख्शी
जी के पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म-21 जुलाई 1930 - मृत्यु-30 मार्च 2002
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
30 मार्च
Happy
नवरात्रि
चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org